हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 19 अगस्त 2025











## खबर संक्षेप

### पॉलिटेक्निक कॉलेज में प्रवेश की तारीख बढ़ी

**विदिशा।** शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज लटेरी संस्था में डिप्लोमा प्रवेश काउंसिलिंग की अंतिम तिथि 15 सितंबर तक बढ़ा दी गई है। काउंसलिंग के माध्यम से 10वीं उत्तीर्ण छात्रों को प्रथम वर्ष में प्रवेश का अवसर दिया जाएगा। वर्तमान में प्रथम वर्ष में डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर योजना के अतिरिक्त रिक्त सीटों पर प्रवेश मिल सकता है। सिविल इंजीनियरिंग, कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग एवं मैकेनिकल इंजीनियरिंग की सभी शाखाओं में सीटें रिक्त हैं। पात्र विद्यार्थी 19 अगस्त से 15 सितंबर तक एमपी ऑनलाइन डीटीई काउंसलिंग के तहत ऑनलाइन पंजीयन कर 22 अगस्त से 15 सितंबर तक आवश्यक दस्तावेजों सहित संस्था में उपस्थित होकर प्रवेश ले सकते हैं।

### लोक अदालत 13 सितंबर को लगेगी

**विदिशा।** जिला न्यायालय के सभागार कक्ष में आगामी नेशनल लोक अदालत 13 सितम्बर के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। विशेष न्यायाधीश व नेशनल लोक अदालत के नोडल अधिकारी जीसी शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी जिला न्यायाधीश कंचन सक्सेना, राजेश शर्मा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीतेन्द्र सिंह तोमर एवं अधिवक्ता मौजूद रहे।

### कुशाभाऊ ठाकरे कॉलेज में पौधरोपण किया गया

**विदिशा।** कुशवाह ठाकरे कॉलेज सुआखेड़ी के परिसर में शिक्षक एवं छात्रों द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। गूगल,नीम,आम, पीपल, अमरूद के 21 पौधों को एक साथ लगाए गए। कॉलेज संचालक आनंद शरण ने बताया कि व्यक्ति को अपने जीवन में हर वर्ष एक पौधा जरूर लगाना चाहिए कॉलेज के सभी छात्राओं को हम पौधरोपण के लिए प्रेरित करते हैं। इस दौरान शिक्षक अनिल श्रीवास्तव, राहुल विश्वकर्मा, राजकुमार अहिरवार, जय दीक्षित, धनराज अहिरवार, देवेंद्र कुशवाह, जितेंद्र वर्मा मौजूद रहे।

**नगरपालिका में फेरबदलः** पीआईसी में किया बदलाव, तीन पुराने सदस्यों को दोबारा मिला मौका

# नपा की बैठकों में उपस्थित न होने वाले चार सभापतियों को हटाने सीएमओ को लिखा पत्र

- पीआईसी की बैठक कराने सीएमओ को लिखा पत्र।

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा



विदिशा। बैठक के दौरान पीआईसी के नए सदस्यों के संबंध में जानकारी देती हुई नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा।

सोमवार को नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने पीआईसी के चार सदस्यों को बाहर का रास्ता दिखा दिया है।

पीआईसी की दो बैठकों में लगातार अनुपस्थित रहने पर शिक्षा महिला एवं बाल कल्याण समिति की सभापति रोशनी सूरज सिंह किरार, स्वास्थ्य तथा अस्पताल समिति सभापति सोनल कौशल अहिरवार, विधि सामान्य प्रशासन एवं सामान्य प्रयोजन समिति सभापति लीलाधर लोधी और आवास एवं पर्यावरण एवं लोक निर्माण समिति सभापति अरुणा मांझी को पीआईसी से बाहर कर दिया गया है। उनके स्थान पर पार्षद बालमुकुद चिढ़ार, मनीषा अखिलेश यादव, पार्षद संतोष सोनी, संध्या राजेश लोधी को शामिल किया गया है। हालांकि किस पार्षद को कौन सी समिति का सभापति बनाया गया है यह अभी स्पष्ट नहीं किया गया है।

पीआईसी में 3 सदस्य पुराने सदस्य ही रखे गए हैं। जिनमें संगीता धर्मेंद्र सक्सेना, कपिल साहू और कंचन तीरथ दरबार शामिल हैं। नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने सीएमओ को पत्र लिखकर निर्देशित किया है कि नवीन पीआईसी का गठन किया जाना है। इसके लिए पुरानी नगरपालिका सभागार में बैठक आयोजित करें। नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने कहा कि पीआईसी में सभी पार्षदों को मौका मिलना चाहिए इसलिए यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा की पीआईसी की बैठकों में मेंबर पूरे न होने के कारण विकास कार्यों में भी परेशानी आ रही थी। इसलिए यह निर्णय लिया गया है।

### नपा में राजनीतिक उथल पुथल की चर्चाएं

इधर चर्चा ऐसी भी है कि सोमवार को विधायक मुकेश टंडन और एसडीएम क्षितिज शर्मा नगरपालिका कार्यालय पहुंचे। वहीं दूसरी ओर नपा के करीब 10 से अधिक अधिकारी कर्मचारियों के मोबाइल फोन छीनने की भी चर्चा चलती रही। एफआईआर तक बात पहुंची तो मामला दबा दिया गया। कोई भी कुछ बोलने को तैयार नहीं है। विधायक और एसडीएम दोनों ने ही कर्मचारियों केमोबाइल लेने की बात से साफ इंकार करते हुए अनभिज्ञता व्यक्त की। मामला जो भी हो पर नपा सभापतियों के फेरबदल से ही उथलपुथल हुई है। नई पीआईसी सदस्य बन चुके हैं और इनको दायित्व सौंपा जाना है। इसके लिए नपाध्यक्ष ने सीएओ को पत्र लिखकर निर्देश दिए हैं कि जल्द ही बैठक बुलाई जाए जिसमें सभापतियों को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।

# नेशनल हाईवे को कमजोर बनाने अर्थवर्क में डाली जा रही काली मिट्टी



हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

नेशनल हाईवे अथारिटी ऑफ इंडिया के द्वारा विदिशा से मेहलुआ चौराहे तरफ बनाए जा रहे हाईवे निर्माण में देवखजूरी और नटेरन के मध्य हिनोतिया गांव के आसपास अर्थवर्क में काली मिट्टी का उपयोग किया गया है। हरिभूमि के पास कालीमिट्टी के अर्थवर्क के वीडियो और फोटो भी उपलब्ध हैं। टुकड़ों-टुकड़ों में बनाई जा रही इस सड़क के कई हिस्सों में डामर तक किया जा चुका है। वहीं कुछ स्थान पर अभी अर्थवर्क ही चल रहा है।

हाईवे की सड़क का मजबूत निर्माण हो और किसी भी तरह से घटिया अमानक मटेरियल का उपयोग न हो इसकी निगरानी करने के लिए एनएचएआई ने विदिशा में प्रोजेक्ट कार्यालय खोला है। सड़क परिवहन मंत्रालय और इंडियन रोड कांग्रेस के मुताबिक हाईवे के निर्माण में काली मिट्टी का उपयोग करना वर्जित है। दूसरी तरफ एनएचएआई के अधिकारी दलील दे रहे हैं कि हाईवे के बीचोंबीच पौधे लगाने के लिए इसका उपयोग किया है। लेकिन जब उन्हे बताया गया कि अर्थवर्क में भी किया जा रहा है तो तरह तरह की दलीलें देने लगे हैं। सिद्धार्थ सिंघई का तर्क है कि हाईवे का अर्थवर्क कार्य की टेस्टिंग करने के बाद ही भुगतान किया जा रहा है। आपको कोई संदेह है तो मीडिया के सामने ही सेंपल लेकर जांच कराएंगे। यह बात कहने के साथ ही प्रोजेक्ट डायरेक्टर हाईवे निर्माण में बरती जा रहीं अनियमितताओं को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं हैं।

### करेंगे शिकायत

नागरिकों का कहना है कि अर्थवर्क ही कमजोर हुआ और काली मिट्टी का उपयोग होगा तो सड़क बार बार टूटेगी और हादसे होंगे। इस निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच के लिए कलेक्टर को शिकायत की जाएगी। कार्रवाई नहीं हुई तो केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गड़करी से मिलकर उनको प्रमाण सहित शिकायत की जाएगी।

# योजनाओं से संबंधित आवेदनों का निराकरण करें

**लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में अपर कलेक्टर ने दिए निर्देश**




विदिशा। बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते हुए अपर कलेक्टर।


हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने सोमवार को कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में आयोजित लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में निर्देश दिए कि हितग्राहीमूलक आवेदनों का किसी भी स्थिति में फोर्सक्लोज न किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट कहा कि सीएम हेल्पलाइन, सीएम मॉनिटरिंग, वरिष्ठ कार्यालयों व जनसुनवाई से प्राप्त आवेदनों का निराकरण शीघ्र और संतोषजनक ढंग से किया जाए तथा आवेदकों को लिखित रूप से अवगत कराया जाए। श्री डामोर ने कहा कि आवेदकों से आमने-सामने संवाद बनाए रखना जरूरी है। इससे समाधान में विलंब होने पर भी आवेदक आक्रोशित नहीं होते और उन्हें प्रकरण की वास्तविक स्थिति समझाई जा सकती है। जिन प्रकरणों का निराकरण जिला स्तर पर संभव नहीं है, उन्हें विभाग प्रमुख को भेजना सुनिश्चित करें।

अपर कलेक्टर ने धरती आबा योजना के अंतर्गत जिले के 86 गांवों में चल रहे विशेष अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रत्येक पात्र हितग्राही को लाभ पहुंचाया जाए। शिविर से पूर्व पात्रता का पूरा डाटा एकत्र कर लें और शिविर के बाद लाभांवितों की जानकारी स्पष्ट रूप से दर्ज हो। साथ ही आयुष्मान कार्ड निर्माण पर विशेष बल देते हुए आगामी बैठक में क्रियाशील आईडी की जानकारी देने के निर्देश दिए।

# कलेक्ट्रेट का घेराव करने जा रहे कांग्रेसियों पर वाटर केनन से की बौछार

**पुलिस ने कई कार्यकर्ताओं व नेताओं को हिरासत में लिया**






विदिशा। माधवगंज पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रतापभानु शर्मा। दूसरे चित्र में कार्यकर्ताओं को रोकने का प्रयास करते हुए जवान।

**विदिशा।** छात्र संघ चुनाव बहाली, एसएससी परीक्षा में धांधली छात्रवृत्ति समय पर मिलने और जिलेभर के स्कूल कॉलेजों की बुरी हालात के विरोध में सोमवार को एनएसयूआई ने माधवगंज पर धरना दिया। धरने के बाद जैसे ही एनएसयूआई कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट का घेराव करने निकले तो माधवगंज पर पुलिस ने बैरीकेट्स लगाकर उन्हे रोकने का प्रयास किया। जैसे ही पुलिस विफल होते दिखाई दी तो कार्यकर्ताओं पर वाटर कैनन से पानी की बौछार कर दी गई। इसके बाद भी कार्यकर्ता डटे रहे। कार्यकर्ताओं ने बैरीकेट्स हटा दिए और जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन से पहले माधवगंज पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रतापभानु शर्मा ने अपने भाषण में छात्रों की मांगों को जायज बताते हुए सरकार पर निशाना साधा। इस दौरान एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे, प्रदेश प्रभारी रवि दांगी, छात्र संगठन के अध्यक्ष पार्थ रघुवंशी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी, पूर्व विधायक निशंक जैन, रणधीर सिंह, सुभाष बोहत, प्रियंका किरार, जिनेश जैन, अरुण अवस्थी, आकाश शर्मा, रमेश तिवारी, अर्पित उपाध्याय, अरुण यादव, वैभव भारद्वाज, बंटी गुर्जर, उमेश तिवारी, जफ़र, संयोग जैन, अतीक मंसूरी, यश शर्मा, यश बालोठिया, प्रशांत यादव, अभिराज शर्मा आदि मौजूद रहे।

### पहलवान राज्य स्तरीय कुश्ती के लिए चयनित



**विदिशा।** सीहोर में आयोजित संभाग स्तरीय शालेय कुश्ती प्रतियोगिता में जिले के चार पहलवानों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर 69वीं राज्य स्तरीय शालेय फ्री स्टाइल कुश्ती प्रतियोगिता में जगह बनाई। अंडर-17 बालिका वर्ग से दो खिलाड़ियों का चयन हुआ है। सांदीपनी विद्यालय कुरवाई की रितिका मालवीय ने 40 किग्रा वर्ग में स्थान बनाया। शासकीय उमावि सिरोंज की अमृता भारती ने 46 किग्रा वर्ग में जगह बनाई। अंडर-17 बालक वर्ग में सांदीपनी विद्यालय सिरोंज के सत्यम शर्मा ने 71 किग्रा वर्ग में सफलता प्राप्त की। अंडर-19 बालिका वर्ग में सिरोंज की सोनिका अहिरवार ने चयन हासिल किया।

# भाजपा के कार्यक्रम में पहुंचे जिला पंचायत सीईओ के खिलाफ कांग्रेस ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा



विदिशा। कलेक्टर के नाम संयुक्त कलेक्टर को ज्ञापन देते हुए कांग्रेसी।

भाजपा के एक कार्यक्रम में पहुंचे जिला पंचायत सीईओ ओमप्रकाश सनोडिया के खिलाफ कांग्रेसियों ने मोर्चा खोल दिया है।

सोमवार को कांग्रेसियों ने कलेक्टर के नाम संयुक्त कलेक्टर शशि मिश्रा को ज्ञापन देकर सीईओ पर शासकीय पद की गरिमा के विपरीत राजनैतिक गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाया। ज्ञापन में कहा गया है कि विगत दिनों केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के विदिशा दौरे के दौरान हुए भाजपा के कार्यक्रम में सीईओ श्री सनोडिया न केवल उपस्थित थे, बल्कि मंच पर भाजपा जिलाध्यक्ष के बगल में एक नेता की तरह बैठे। कांग्रेस ने इसे शासकीय अधिकारी द्वारा राजनैतिक दल विशेष के पक्ष में कार्य करने का प्रतीक मानते हुए इसकी जांच की मांग की है। मप्र कांग्रेस कमेटी के सचिव आनंदप्रताप सिंह और पूर्व सचिव रवि साहू सहित कांग्रेसियों ने कलेक्टर को ज्ञापन देकर जिपं सीईओ ओपी सनोडिया की इस भूमिका की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान संतोष चिड़ार, सोमिल ठाकुर, सोनू यादव, मनीष राजपूत, सुशील कुशवाह, शैलेन्द्र परिहार मौजूद रहे।

# केंद्रीय वैज्ञानिकों के दल ने गांव पहुंचकर जायजा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देश के बाद सोमवार को केंद्रीय व राज्य स्तरीय कृषि वैज्ञानिक 7 सदस्यीय दलों ने छीरखेड़ा एवं सेमरा में भ्रमण कर पीड़ित किसानों के खेतों में पहुंचकर फसलों की क्षति का आंकलन किया है।

दल में अटारी आईसीएआर जोन 9 जबलपुर के डायरेक्टर डॉ एसआरके सिंह, डीडब्ल्यूआर जबलपुर के डायरेक्टर डॉ जेएस मिश्रा, रायसेन के कृषि वैज्ञानिक डॉ स्वप्निल दुबे, इंदौर के कृषि वैज्ञानिक डॉ अरूण शुक्ला तथा एनआईएसआर इंदौर के डॉ संजीव कुमार, आईआईएसएस भोपाल के डॉ प्रभात त्रिपाठी एवं आईआईएसएस भोपाल के सीनियर साइंटिस्ट डॉ बीपी मीना ने छीरखेड़ा पहुंचकर खराब फसलों का जायजा लिया।

कृषि वैज्ञानिक दलों के साथ किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उप संचालक केएस खपेड़िया समेत विभागीय अन्य अधिकारी तथा खंड स्तरीय अधिकारी साथ-साथ मौजूद रहें वहीं पीड़ित किसानों ने अपनी समस्याओं को साझा किया है।

# प्रभारी मंत्री ने ली रासायनिक दवाओं से बर्बाद हुई फसलों के संबंध में जानकारी

**विदिशा।** प्रभारी मंत्री लखन पटेल ने सोमवार को विदिशा जिले के प्रवास के दौरान विधायक मुकेश टंडन समेत अन्य जनप्रतिनिधियों से जिले में खरीफ फसलों के उपयोग में लाई गई रासायनिक दवाओं से हुई क्षति के संबंध में जानकारी ली। नकली कीटनाशक दवा कंपनी पर कार्रवाई करने केन्द्रीय मंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों से प्रभारी मंत्री को अवगत कराया गया। प्रभारी मंत्री ने आश्वासन दिया कि राज्य सरकार किसानों के साथ है। पीड़ित किसानों को परेशान नहीं होने दिया जाएगा। कृषि वैज्ञानिकों का दल अपनी रिपोर्ट देगा। इसके बाद कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



**राधाकृष्ण मंदिर में आज किया जाएगा बधाई गीतों का गायन**

# धर्माधिकारी कार्यालय में आज भी सुरक्षित रखीं हैं116 वर्ष पुरानी 58 बधाई गीतों की हस्तलिखित पांडुलिपियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

ऐतिहासिक एवं धार्मिक एवं सांस्कृतिक नगरी के रूप में विख्यात विदिशा में विरासत को संजोए रखने की भी परंपरा है। जहां शताब्दी प्राचीन पांडुलिपियां धर्माधिकारी कार्यालय में आज भी सुरक्षित हैं। धर्माधिकारी पं. गिरधर गोविंद प्रसाद शास्त्री के पास उनके पिता पं.उमाशंकर चतुर्वेदी शास्त्री के हस्त लिखित 116 वर्ष पुरानी बधाई और पदों का संकलन मौजूद है। शास्त्री ने बताया कि उनके पिता ने करीब 116 साल पहले मथुरा वृंदावन में भाद्रपद मास में रहकर वहां गाए जाने वाले पदों और बधाइयों का संकलन किया था।

### बालाजी मंदिर के संगीतज्ञ पं. जगन्नाथ प्रसाद चतुर्वेदी ने दिए स्वर



उमाशंकर चतुर्वेदी ने वृंदावन में भाद्रपद मास में रहकर वहां गाए जाने वाले पदों और बधाइयों का संकलन विदिशा आकर सुंदर लेखन में हस्त लिखित पांडुलिपियां तैयार कीं। इन पांडुलिपियों में गीतों का संकलन है जो मंदिरों में गाए जाते हैं। उनका मानना था कि जैसे धार्मिक कार्यक्रम मथुरा, वृन्दावन में होते हैं वैसे ही बधाई गीतों का गायन विदिशा के मंदिरों में प्रारंभ होना चाहिए। उनके सद्प्रयत्न से यह पद आज भी विदिशा के मंदिरों में बधाई गीतों के रूप में गाए जाते हैं। बालाजी मंदिर के संगीतज्ञ पं. जगन्नाथ प्रसाद चतुर्वेदी द्वारा बधाई भजनों को स्वर लहरियां प्रदान की गई। यह पद हरिदास, सूरदास, नाभादास, रसखान, हितहरिवंश, मीरा, भगवत दास, गिरधर कविराज अष्टछाप के कवियों के द्वारा रचे गए थे। संगीतप्रेमी पं.उमाशंकर चतुर्वेदी शास्त्री ने उन्हें लिपिबद्ध किया और तब से आज तक यह पद जन्माष्टमी उत्सव के पहले से नगर में अनेक मंदिरों में गाए जाते हैं। इन ग्रंथों में हस्तलिखित 58 बधाइयाँ और पद मौजूद हैं। इन पदों और बधाइयों का गायन भुजरियाँ पर्व से द्विशताब्दी प्राचीन बालाजी मंदिर से प्रारंभ होता है और समापन जन्माष्टमी के बाद द्वादशी को होता है।

### आज मनाया जाएगा बधाई गायन महोत्सव

धर्माधिकारी कार्यालय स्थित शतब्दी प्राचीन राधा कृष्ण मंदिर के ज्ञान मंडप में भाद्रपद कृष्ण एकादशी के पावन अवसर पर आज मंगलवार को रात 9 बजे से भक्ति रस पूर्ण बधाई गीतों का गायन मधुर स्वर लहरियों के साथ किया जाएगा। बधाई गायन महोत्सव में पधारने की अपील धर्माधिकारी गिरधर गोविन्द प्रसाद शास्त्री द्वारा की गई हैं।

# अग्निवीर सेना भर्ती के लिए अस्पताल व मेडिकल कॉलेज में चार बेड रिजर्व में रखने के निर्देश दिए

**अग्निवीर सेना भर्ती रैली कार्यक्रम 20 अगस्त से 2 सितंबर तक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में सीएमएचओ को निर्देश दिए कि 22 अगस्त से 2 सितम्बर तक जिले में संचालित अग्निवीर सेना भर्ती हेतु जिला चिकित्सालय में आकस्मिक चिकित्सीय प्रबंध और रिजर्व में 4 बेड की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

सीएमएचओ डॉ रामहित कुमार ने बताया कि अग्निवीर सेना भर्ती रैली कार्यक्रम 20 अगस्त से 2 सितंबर तक जिला खेल परिसर स्टेडियम में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें 15 जिलों से लगभग 500 से 600 आवेदक प्रतिदिन संख्या में भाग लेंगे। इसके लिए आकस्मिक चिकित्सा व्यवस्था करने जिला चिकित्सालय और मेडिकल कॉलेज में 4 बेड रिजर्व रखकर चिकित्सा व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं।



## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2949
उच्चतम भाव-3355
सुजाता
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-2760
मालव शक्ति
न्यूनतम भाव-2534
उच्चतम भाव-2568
चना
न्यूनतम भाव-5100
उच्चतम भाव-6001
मसूर
न्यूनतम भाव-5650
उच्चतम भाव-8500
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3300
उच्चतम भाव-3401
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3410
उच्चतम भाव-4896
सरसों
न्यूनतम भाव-5400
उच्चतम भाव-6891
मूंग
न्यूनतम भाव-4512
उच्चतम भाव-7250
धान
न्यूनतम भाव-1250
उच्चतम भाव-2800
उड़द
न्यूनतम भाव-3600
उच्चतम भाव-6200
धनिया
न्यूनतम भाव-6465
उच्चतम भाव-6465
बटरी
न्यूनतम भाव-3400
उच्चतम भाव-3400

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में सोमवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 6182 बोरे उपज की आवक हुई।

## खबर संक्षेप

### पेंशनर एसोशिएशन ने सौंपा ज्ञापन

**गंजबासौदा।** मप्र शासन के पेंशनरों की विभिन्न मांगों केंद्रीयकरण के लिए सोमवार को दोपहर के समय विधायक कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम विधायक हरिसिंह रघुवंशी को ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर सेवानिवृत कोऑपरेटिव निरीक्षक और संगठन अध्यक्ष रमेश जाट सहित अनेक पेंशनर मौजूद थे।

### मच्छरों से रहवासी परेशान

**गंजबासौदा।** इन दिनों नगर की पारासरी नदी किनारे के वार्डवासियों एवं निचली बस्तियों में मच्छरों की संख्या में तेजी से वृद्धि देखी जा रही है। जिससे यहां के रहवासियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वार्डवासियों ने नगरपालिका से नाले, नालियों में कीटनाशक दवा का छिड़काव एवं फागिंग मशीन से धुआं का छिड़काव कराए जाने की मांग की है। जिससे नागरिकों को मच्छरों और बीमारियों से निजात मिल सके।

### स्थानांतरण पर एसडीएम विजय राय का और पत्रकार भवन के दानदाताओं का किया सम्मान

# गंजबासौदा में मिले प्रेम, आत्मीयता, सहयोग और सम्मान का मैं हमेशा आभारी रहूंगा:एसडीएम राय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा








जब व्यक्ति प्रशासनिक अधिकारी बनता है तो उसे सिर्फ लिखित परीक्षा ही पास नहीं करना होती है, बल्कि यह परीक्षा उसके आलस्य, मेहनत, दबाब में भी अच्छा काम करने की दक्षता, जनसेवा आदि की भी परीक्षा होती है। अब कोई अधिकारी नहीं है, बल्कि सभी अधिकारी जनसेवक के रूप में ही काम कर रहे हैं। मैंने भी यहां एक अधिकारी के रूप में नहीं बल्कि जनसेवक के रूप में ही कार्य करने की कोशिश की है। उक्त बात एसडीएम विजय राय ने अपने सम्मान समारोह में कहीं।

उल्लेखनीय है कि स्थानीय एसडीएम विजय राय का पिछले दिनों यहां से नर्मदापुरम के लिए स्थानांतरण हो गया है। इसी के चलते सोमवार को प्रेस क्लब गंजबासौदा और अनिल दाऊ फाउंडेशन द्वारा उनका सम्मान समारोह श्रद्धेय अनिल यादव स्मृति पत्रकार भवन में आयोजित किया गया। जिसमें एसडीएम विजय राय के अलावा एसडीओपी शिखा भलावी, जनपद सीईओ तपस्या जैन, नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, वरिष्ठ समाजसेवी कांतिभाई शाह, रक्त सेवा समिति संस्थापक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार कैलाश सक्सेना, गोविंद नायक, नपा सीएमओ रवि प्रकाश श्रीवास्तव, कोतवाली टीआई संजय बेदिया, देहात थाना टीआई मनोज दुबे आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रद्धेय अनिल यादव की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं मां सरस्वती और नारदजी की पूजन अर्चन के साथ किया गया। जिसके बाद एसडीएम विजय राय का साफा बांधकर सम्मान किया गया और प्रेस क्लब गंजबासौदा, नगर पालिका सहित विभिन्न संगठनों, संस्थाओं और पटवारियों, नपाकर्मियों, नागरिकों ने पुष्पहारों से एवं शाल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह, प्रतीक चिन्ह आदि भेंटकर एसडीएम विजय राय का सम्मान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव ने एसडीएम की कार्य प्रणाली, मृदु स्वभाव, नगर विकास के कार्यों में बढ चढकर रूचि लेने और हरसंभव सहयोग करने की सराहना की। इसके बाद वरिष्ठ पत्रकार गोविंद नायक, एसडीओपी शिखा भलावी, वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश तिवारी, नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, वरिष्ठ पत्रकार कैलाश सक्सेना, यशपाल यादव, नवांकुर विद्यापीठ प्राचार्य शैलेन्द्र दीक्षित, परसराम दुबे आदि ने एसडीएम विजय राय के कार्य, सहयोग एवं व्यवहार की प्रशंसा करते हुए उन्हें आगामी समय में जिलाधीश बनकर दोबारा जिले में आने और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीएम विजय राय ने बताया कि उन्हें प्रशासनिक सेवा में आए 8 वर्ष हो चुके हैं और गंजबासौदा में उनका कार्यकाल सबसे अधिक रहा है। यहां मिले प्रेम, आत्मीयता, सहयोग और सम्मान का मैं हमेशा आभारी रहूंगा।

उन्होंने कहा कि इससे पूर्व वे नटेरन शमशाबाद क्षेत्र में थे और जब कभी यहां आते थे तो पारासरी नदी की दुर्दशा से बहुत दुःखी होते थे। जब उनका यहां स्थानांतरण हुआ तो उन्होंने सबसे पहले पारासरी नदी के पुनरूद्धार का ही निर्णय लिया। जिसमें नपाध्यक्ष, सांसद प्रतिनिधि, नगर पालिका, पंचतत्व और नागरिकों का भरपूर सहयोग मिला। इसके अलावा उन्होंने बताया कि राजस्व विश्राम गृह, वार्ड क्रमांक 14 की आंगनवाडी की बाउंड्री, वाल पेंटिंग, अंबानगर में गौशाला के निर्माण में भी उन्हें नागरिकों, नगर पालिका, पंचायत एवं ग्रामीणों का भरपूर सहयोग मिला। जिसके लिए उन्होंने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नगर में विकास के लिए जितना प्रशासन से अपेक्षा की जाती है, उतना ही सहयोग और समर्पण जनता को भी करना चाहिए। तभी सुव्यवस्थित विकास कार्य हो सकता है। उन्होंने बताया कि जब प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी की जाती है तो उसमें मेहनत, लगन, दबाब या विपरीत परिस्थितियों में संतुलन बनाकर अच्छा काम करने, नियमों को ध्यान में रखते हुए बेहतर कार्य करने की भी परीक्षा होती है। इसलिए प्रशासनिक अधिकारी बिना थके और पूरे आत्मविश्वास के साथ काम करते हैं। पत्रकार भवन के निर्माण के बारे में उन्होंने कहा कि पूर्व सांसद रमाकांत भार्गव, विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव और नगर के समाजसेवियों की मदद से यह पत्रकार भवन इतना सर्वसुविधा युक्त बना है कि प्रदेश भर में किसी भी तहसील स्तर पर ऐसा भवन नहीं है।

इस सम्मान समारोह के बाद क्लब पार्क परिसर में एसडीएम विजय राय द्वारा पौधरोपण भी किया गया। उधर सम्मान समारोह के दौरान श्रद्धेय अनिल यादव स्मृति पत्रकार भवन निर्माण में सहयोग करने वाले समाजसेवी कांतिभाई शाह और उनकी समिति, नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश तिवारी, सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, रक्षा समिति प्रांत संयोजक दीपक तिवारी, पंचतत्व समिति अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह दांगी, सावित्री महिला मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार देवेन्द्र रघुवंशी, देवेन्द्र सिंह राजपूत, ठाकुर महेन्द्र सिंह सूर्यवंशी आदि का प्रेस क्लब गंजबासौदा द्वारा शॉल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन नपा कर्मचारी धर्मेन्द्र जैन ने किया और आयोजन के समापन पर सभी का आभार वरिष्ठ पत्रकार देवेन्द्र रघुवंशी ने व्यक्त किया।

### कान्हा के विविध रूपों में सजे नौनिहाल, कान्हा के बधाई गीतों से गूंजा परिसर

**गंजबासौदा।** सैंट एसआरएस पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल में सोमवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर कान्हा का दरबार सजाया गया। कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा पांच तक के नौनिहाल बाल स्वरूप कन्हैया के विविध रूपों में शोभायमान हुए। छोटे-छोटे बच्चों ने कान्हा के संवादों से माहौल को कृष्णमय बना दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि इसरो वैज्ञानिक धर्वेन्द्र यादव ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि आज के युग में लोग भारतीय संस्कृति से कम जुड़ पा रहे हैं, क्योंकि अधिकांश शिक्षण संस्थानों ने भारतीय संस्कृति के स्थान पर पाश्चात्य दर्शन की ओर देखना शुरु कर दिया है। सैण्ट एसआरएस स्कूल द्वारा गायत्री परिवार के संस्थापक पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के आदर्शों को समाज में स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर संस्था के डायरेक्टर केएस यादव, मैनेजिंग डायरेक्टर सुधा यादव, काउंसर संघमित्रा यादव, प्राचार्य उमेश चंद्र यादव, कोर्डिनेटर प्रियंका अग्रवाल, उप प्राचार्य रजनी गुप्ता, प्रायमरी प्रभारी सुमन श्रीवास्तव, प्रीति माथुर सहित अन्य शिक्षकों ने विचार रखे। कार्यक्रम में नन्हें-मुन्ने बच्चे राधा-कृष्ण, नंदबाबा, बलराम और यशोदा मैया के रूप में मंच पर प्रकट हुए। वहीं कृष्ण जन्मोत्सव का उत्सव मनाते हुए भगवान कृष्ण से संबंधित अनेक रंगारंग कार्यक्रम रासलीला आदि प्रस्तुत की गईं साथ ही मटकी फोड़ प्रतियोगिता भी रखी गई। कार्यक्रम के पश्चात प्रसादी वितरित की गई। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को संगीत टीम ने भजनों और बधाई गीतों की शानदार प्रस्तुतियों से कान्हा का स्मरण किया। कंगना, तन्वी ठाकुर, अनुष्का राठोर, प्रज्ञा अहिरवार, अनन्या, दृष्टि नामदेव की टीम ने सांवली सूरत पर मोहन, सार्थ दुबे नेत्रप्रभु हम कृपा करना और चलो नंद महल की ओर -बधाई गीत राधिका दांगी ने प्रस्तुत कर मां बांध दिया। लाज बचाओ कृष्ण मुरारी की प्रस्तुति कंगना, रानी, आन्या, सिमरन ने प्रस्तुति दी। संगीत गुरु गोस्वामी के नेतृत्व में नंदजी के आंगन में बज रही आज बधाई को आन्या, कंगना, सिमरन, राधिका, रानी ग्रुप ने बधाई गीत की सामूहिक प्रस्तुति देकर ब्रजमंडल में कान्हा के जन्मोत्सव का नजारा पेश कर दिया। वहीं छोटे-छोटे नौनिहालों ने दही और मेरे, फलों से मटकियां भी फोडी। कार्यक्रम को तैयार करने में शिक्षिकाओं की विशेष भूमिका रही।

## जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



सोमवार को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विदिशा जिले के सातों ब्लॉक के 14 टीमों ने भाग लिया कार्यक्रम के शुभारंभ पर मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव एवं अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष नीतू रघुवंशी ने की सर्वप्रथम विद्या की देवी मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर अतिथियों द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया इसके बाद अतिथि देवो भव विद्यालय के प्राचार्य एमसी शर्मा ने नगर पालिका अध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। जनपद अध्यक्ष ने बच्चों को खेलों के प्रति जागृत रहने का और स्वयं को स्वस्थ रखने का संदेश दिया। नगर पालिका अध्यक्ष ने बच्चों के उत्साह को देखकर खेलों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के साथ ही स्वच्छता और सफाई के साथ-साथ अपने स्वास्थ्य पर भी ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य एमसी शर्मा में सभी बच्चों के लिए स्वच्छ जल के लिए वाटर कूलर की व्यवस्था की एवं किसी भी खिलाड़ी को कोई परेशानी ना हो इसके लिए सभी स्टाफ को निर्देशित किया प्रतियोगिता में बालक वर्ग में नटेरन विजेता और विदिशा उपविजेता रहा। इसी प्रकार बालक बालिका वर्ग में बासौदा विजेता और ग्यारसपुर उपविजेता रहा। कार्यक्रम के समापन पर विजेता और उपविजेता के लिए शील्ड प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन एन एस एस प्रभारी दिनेश ओझा ने किया। इस मौके पर जिला क्रीड़ा अधिकारी संतोष चतुर्वेदी, सभी ब्लॉक के खेल शिक्षक एवं खेल अतिथि शिक्षक उपस्थित रहे।

### विभाजन की पीड़ा पर कृषि कॉलेज में हुआ सेमिनार

**गंजबासौदा।** कृषि महाविद्यालय गंजबासौदा में 14 अगस्त को पार्टीशन हॉरर डे पर सेमिनार हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य 1947 के भारत-पाकिस्तान विभाजन की त्रासदी और पलायन की पीड़ा को याद करना था। यह आयोजन विश्वविद्यालय की व्याख्यान माला के अंतर्गत प्रभारी अधिष्ठाता डॉ. योगेश पटेल के संरक्षण में हुआ।एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस स्वयंसेवक और महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। डॉ. योगेश पटेल ने बताया कि विभाजन के समय 10 से 20 लाख लोगों को पलायन करना पड़ा। लाखों लोगों की जानें गईं। देश को धार्मिक आधार पर बांटा गया, जो एक भीषण मानवीय त्रासदी थी। सेमिनार में डॉ. एस.एस. भार्गव, संजीव शर्मा और ओमप्रकाश चौरसिया ने विचार रखे, सभी ने विभाजन की पीड़ा और भारत के उज्ज्वल भविष्य पर चर्चा की। नागरिकों ने भी अपने विचार साझा किए। इस दौरान महाविद्यालयीन स्टॉफ और विद्यार्थी मौजूद थे।

## मछुआरों ने बचाई नदी में बहे व्यक्ति की जान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मछुआरों ने एक व्यक्ति की उस समय जान बचाई जब वह नदी में बह रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार उदयपुर स्थित केवटन नदी में धन सिंह अहिरवार अपनी बकरियों को चेकर नदी किनारे चराने के लिए गया हुआ था। उस समय वह नदी में पानी पीने के लिए वहां गया और पैर फिसलने की बजह से वह पानी के तेज बहाव में बह गया। जिसे बहता हुआ देख उदयपुर स्थित पुल से करीब 2 किलोमीटर की दूरी पर छोटा रैकवार एवं उनके साथी बूटा रैकवार जो मछली पकड़ रहे थे। उसी समय रात्रि के 7:30 बजे दोनों युवकों ने बिना कुछ सोचे तुरंत नदी में छलांग लगा दी। अंधेरे के कारण ज्यादा साफ तो दिखाई नहीं दे रहा था। कुछ देर बाद उन्हें जब बाल से नजर आए तब उन्होंने सोचा किया है तो कोई व्यक्ति बहता हुआ आ रहा है तो उन्होंने देरी न करते हुए उसको पकड़ लिया और नदी के बीच टापू पर लिटाकर उसके पेट से पानी निकालना शुरु कर दिया। दोनों युवकों की मेहनत और सजगता के चलते कुछ समय बाद धन सिंह नामक व्यक्ति को होश आ गया। मछुआरों ने इसकी सूचना तुरंत उदयपुर पुलिस सहायता केंद्र को दी। जिसमें पुलिस सहायता केंद्र से इंद्राज एवं राहुल, सौरव द्विवेदी, विशाल खटीक, चौकीदार पप्पू अहिरवार मौके पर पहुंचे और युवक को सबकी मदद से सड़क तक लेकर आए। जहां से युवक को उदयपुर लेकर आए। समय रहते युवक की जान बचा लेने पर लोग मछुआरों की प्रशंसा कर रहे हैं।

### तीन माह से 16 वर्ष तक के बच्चों को पिलाई जाएगी स्वर्णप्राशन औषधि

# प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने औषधि पिलाएगी जैन समाज




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य एवं नवाचार्य समय सागर महाराज के मंगल आशीर्वाद से नगर में विराजमान मुनि संभव सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में आगामी 21 अगस्त को गुरु पुष्य नक्षत्र पर सकल जैन समाज आचार्य विद्यासागर आयुर्वेदिक औषधालय के तत्वावधान में नगर के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में पहुंचकर छात्र एवं छात्राओं को निःशुल्क आयुर्वेदिक औषधि स्वर्णप्राशन उपलब्ध कराएगी। वहीं सोमवार को महावीर विहार में विराजमान मुनि संघ के सानिध्य एवं मंगल आशीर्वाद से विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद पंचायत अध्यक्ष नीतू देवेंद्र रघुवंशी, प्रेम नारायण विश्वकर्मा एवं जैन समाज प्रतिनिधियों के द्वारा निःशुल्क स्वर्णप्राशन संस्कार अभियान का शुभारंभ किया गया। आचार्य विद्यासागर आयुर्वेदिक औषधालय एवं सकल जैन समाज के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को गुरु पुष्य नक्षत्र पर निशुल्क स्वर्णप्राशन संस्कार अभियान के तहत 0 से 3 माह तक 01 बूंद, 3 माह से 1 वर्ष तक 2 बूंद, 1 वर्ष से 3 वर्ष तक 3 बूंद, 3 वर्ष से 5 वर्ष तक 4 बूंद, 5 वर्ष से 10 वर्ष तक 5 बूंद,10 वर्ष से 16 वर्ष तक के बच्चों को 6 बूंद, औषधि पिलाई जाऐगी। आयुर्वेदिक विशेषज्ञों के अनुसार यह दवा खाली पेट दी जाती है एवं दवा पीने के उपरांत 45 मिनट तक कुछ ही खाना नहीं चाहिए। स्वर्णप्राशन एक प्राचीन आयुर्वेदिक नुस्खा है, जो बच्चों के स्वास्थ्य और विकास के लिए सहायक होता है। यह स्वर्ण के साथ घी और विभिन्न जड़ी-बूटियों जैसे ब्राह्मी, अश्वगंधा, गिलोय, शंखपुष्पी और वच के मिश्रण से तैयार किया जाता है। स्वर्णप्राशन बच्चों को मौसमी बीमारियों से लड़ने में मदद करता है और उनकी इम्युनिटी को मजबूत करता है। बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में मदद करता है और उनकी बुद्धि, याददाश्त और एकाग्रता को बढ़ाता है। स्वर्णप्राशन पाचन क्रिया को बेहतर बनाता है और भूख बढ़ाता है,यह त्वचा की चमक में सुधार करता है और उसे स्वस्थ बनाता है। यह बच्चों को सुनने और बोलने की क्षमता में सुधार करता है और दांत निकलने की परेशानी को कम करता है। स्वर्णप्राशन आमतौर पर हर महीने पुष्य नक्षत्र के दिन दिया जाता है, शिशुओं को 03 माह से लेकर 16 साल तक दिया जा सकता है, लेकिन 0-6 साल के बच्चों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद माना जाता है। मैदा, बाजार का खाना, आइसक्रीम, और खट्टी चीजें न खिलाएं. अन्य टीके लगवाने की आवश्यकता हो तो लगवाएं, स्वर्णप्राशन एक इम्युनिटी बूस्टर है, टीका नहीं।

### ई-रिक्शा चालक गिरफ्तार, ऑटो यूनियन ने किया विरोध

**गंज बासौदा।** स्टेशन मार्ग स्थित माहेश्वरी किराना दुकान से हुई चोरी के मामले में पुलिस द्वारा ई-रिक्शा चालक ओमप्रकाश साहू की गिरफ्तारी के विरोध में ऑटो चालक यूनियन ने सोमवार को प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी अपने वाहनों के साथ शहर थाने के बाहर एकत्रित हुए, जिससे यातायात प्रभावित हुआ। रविवार सुबह हुई चोरी के मामले में ऑटो यूनियन का कहना है कि सुबह 5 बजे ओमप्रकाश को एक व्यक्ति ने रोका और गौशाला स्थित हरि कबाड़ी की दुकान पर ले गया। वहां दो टंकी पहुंचाने के लिए उन्हें 100 रुपये दिए गए। ऑटो यूनियन के राजकुमार राजपूत ने स्पष्ट किया कि सवारी के सामान की जानकारी ऑटो चालकों को नहीं होती। उन्होंने बताया कि ओमप्रकाश को किसी ने टंकी ले जाने को कहा और उन्होंने वह काम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने एसडीओपी कार्यालय में ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पदयात्रा निकालकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



प्रधानमंत्री आवास योजना से नाम काटे जाने के विरोध में सोमवार को विरोध प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पार्षदों ने नगर पालिका परिषद से रैली निकाली। यह रैली नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए तहसील कार्यालय पहुंची। पूर्व विधायक निशंक कुमार जैन के नेतृत्व मेंएसडीएम विजय राय को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं भी मौजूद थीं।कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आरोप है कि नगर पालिका ने नियमों की अनदेखी कर पात्र लोगों के नाम काट दिए हैं। पूर्व विधायक जैन ने बताया कि गंजबासौदा शहर से करीब 1500 लोगों के नाम प्रधानमंत्री आवास सूची से हटाए गए हैं। उन्होंने कहा कि शासन की गाइड लाइन के अनुसार जिन लोगों के नाम काटे गए हैं, वे पात्र सूची में शामिल हैं।ज्ञापन में मांग की गई है कि काटे गए नामों को दोबारा सूची में जोड़ा जाए। एसडीएम विजय राय ने मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही समस्या का समाधान किया जाएगा, ताकि पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ मिल सके।

### हाईटेंशन लाइन के झूलते तारों से हो सकता है हादसा



**त्योंदा।** ग्राम के मुख्य मार्केट में 11केव्ही की हाईटेंशन लाइन गुजरी है जिसके खुले तार जमीन से 5 फीट की ऊंचाई पर झूल रहे हैं। जिनसे कभी भी हादसा हो सकता है।

## हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता की तर्ज पर हर सार्वजनिक स्थल स्वच्छ अभियान का प्रारंभ

# सराहनीयः बगरोदा के युवाओं ने पुनः उठाया स्वच्छता का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



बगरोदा गांव की युवा शक्ति ने एक बार फिर सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता हेतु अभियान शुरू किया। हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छ की तर्ज पर अब समिति ने हर सार्वजनिक स्थल, हर मंदिर परिसर स्वच्छ का नारा दिया। मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद की चयनित नवांकुर संस्था सर्वधर्म जन कल्याण सेवा समिति बगरोदा ने बाग वाले श्री हनुमान मंदिर परिसर में अभियान का शुभारंभ किया। पूर्व में भी समिति ने एक वर्ष तक हर रविवार को मंदिर, मुक्तिधाम, स्कूल एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर साफ-सफाई कर मिसाल पेश की थी। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष सुनील रघुवंशी ने मंदिर में अपनी ओर से सीसीटीवी कैमरे लगवाए, ताकि हाल ही में घटी चोरी जैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। कार्यक्रम के दौरान समिति सदस्यों ने श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया और कहा कि मंदिर व सार्वजनिक स्थलों की सफाई हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। शुभारंभ कार्यक्रम में समिति संरक्षक प्रांतीय गौ आधारित कृषि आयाम प्रमुख वरिष्ठ समाजसेवी वीरेंद्र रघुवंशी, सर्वधर्म जनकल्याण सेवा समिति के संयोजक प्रमोद रघुवंशी, बहादुर सिंह, दीपक ठाकुर, राकेश सिंह, नरेंद्र रघुवंशी, किशन सोनी, डॉक्टर विकास कुमार, भूपेश व शिवम रघुवंशी सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। इस अवसर समिति के सदस्यों ने संकल्प लिया कि अभियान को आगे बढ़ाकर गांव के प्रत्येक सार्वजनिक स्थल को स्वच्छ और सौंदर्यपूर्ण स्वरूप प्रदान किया जाएगा।

## कुशवाह समाज द्वारा विशाल चल समारोह का आयोजन आज

**सिरोंज।** श्री लवकुश जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आज कुशवाह समाज द्वारा विशाल चल समारोह का आयोजन किया जाएगा। भगवान श्री लवकुश की शोभायात्रा नगर के छत्री नाका स्थित श्री हनुमान मंदिर से प्रातः 11 बजें प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्ग कश्टम पथ,कठाली बाजार,सराफा बाजार,चांदनी चौक,कोट गेट,पुराना बस स्टेण्ड होते हुए बीजासन माता मंदिर गल्ला मण्डी नीलामी प्रागंण पहुचकर चल समारोह का समापन होगा।

# फूलों के बंगले में विराजे बालकृष्ण, किया श्रृंगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर रविवार को श्री गणपति ज्योतिष निकेतन पर भगवान श्री बाल कृष्णा राधावल्लभ का भव्य श्रृंगार कर फूलों के बंगले में विराजित कराया गया। इस अवसर पर रात्रि में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें नगर की धार्मिक मंडलियों ने पधार कर सुंदरकांड की मनमोहन प्रस्तुति की। तो वही आयोजित ग्वालचाविनी में बड़ी संख्या में नगर के धर्म प्रेम बंधुओ ने उपस्थित होकर चना एवं खीर की प्रसादी ग्रहण की।



# शा. पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए संस्था स्तरीय काउंसलिंग जारी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

तकनीकी शिक्षा संचालनालय मध्यप्रदेश के अंतर्गत शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय सिरोंज में शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए संस्था स्तरीय काउंसलिंग जारी है। काउंसलिंग में 10वीं पास एवं गणित के साथ 12वीं कक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थियों तथा आई.टी.आई उत्तीर्ण हेतु द्वितीय वर्ष में प्रवेश 15 सितंबर तक बढ़ा दी गई है। प्रवेश के लिए विद्यार्थी 19 अगस्त 2025 से 15 सितंबर 2025 तक रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं, रजिस्ट्रेशन के पश्चात 22 अगस्त 2025 से 15 सितंबर 2025 को संस्था में उपस्थित होकर अपनी इच्छानुसार ब्रांच सिविल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलिकम्यूनिकेशन्स इंजीनियरिंग एवं मैकेनिकल इंजीनियरिंग में प्रवेश ले सकते है। साथ ही विद्यार्थी संस्था में प्रवेश हेतु एम पी ऑनलाइन के माध्यम से रजिस्ट्रेशन सकते हैं अथवा संस्था में उपस्थित होकर आवश्यक जानकारी ले सकते है।

## विद्यार्थियों की सुविधा के लिए विद्यालयों में लगाए जाएंगे छात्रवृत्ति शिविर

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर ने समय सीमा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में विभिन्न विद्यालयों में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के सुलभ प्रदाय हेतु 21 अगस्त दिन गुरुवार से विद्यालयों में छात्रवृत्ति शिविर लगाए जाएं। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व इन छात्रवृत्ति शिविरों की मॉनीटरिंग करेंगे। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी विद्यालयों को पूर्व से निर्देशित करें एवं सभी विद्यालय में पात्र-अपात्र विद्यार्थियों की सूची अपडेट करें एवं अपात्र होने वाले विद्यार्थियों का कारण भी स्पष्ट कराएं। उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थियों के बैंक खाता एवं ईकेवायसी भी अपडेट कराएं।

# कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष में ग्राम मुगलसराय में मटकी फोड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर ग्राम सरस्वास की टीम ने मटकी फोड़ प्रतियोगिता में विजय प्राप्त की। वहीं भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व सरपंच वीरेन्द्र पालीवाल द्वारा विजेता टीम को 5100 रूपये का इनाम पुरूस्कार स्वरूप भेट किया। इस मौके पर मुगलसराय थाना प्रभारी लक्ष्मण डाबर, राजाराम यादव सहित बडी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहें।



## खेल परिसर सागर के ताईक्वांडो खिलाड़ियों का हुआ राज्य स्तर पर चयन

**सागर।** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित संभाग सारीय ताईक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन 18 अगस्त को ग्रेटमेन स्कूल मकरोनिया में किया गया था, जिसमें खेल परिसर सागर के ताईक्वाडो खिलाड़ी बालिका वर्ग में मायशा खान, रितिशा रजक, यशवी, जूही ठाकुर आरची राजपूत, अवनी रजक. सरीता शिवानी, नंदनी पटेल, राधिका ठाकुर, पलक पटेल इसी प्रकार बालक वर्ग में मोक्ष लोधी, शिवांश दुबे, प्रथमेश संतसंगी गोविंद पटेल, यशवर्धन सिंह राजावत, स्वास्तिक, ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य स्तरीय ताईक्वांडो प्रतियोगिता हेतु चयनित हुए। ये सभी खिलाड़ी राज्य स्तरीय ताईक्वांडो खेल प्रतियोगिता 08 से 12 सितम्बर में अपनी सहभागिता देंगे। ये सभी खिलाड़ी खेल परिसर सागर के ताईक्वांडी खेल प्रशिक्षण केन्द्र में नियमित रूप से कुरीमा ठाकुर के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त करते रहे है। इनकी इस उपलब्धि पर कलेक्टर संदीप जी.आर एवं पुलिस अधीक्षक विकास सहवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश सिन्हां, जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी प्रदीप अबिदा, एड वीनू राणा, एवं खेल और युवा कल्याण विभाग के प्रशिक्षक प्रेमनेती राय, सीमा चक्रवर्ती, संगीता सिंह मंगल सिंह यादव, श्यामलाल पाल. उमेश चन्द्र मोर्य ने शुभकामनाएं दी।

# गांव की बिटिया बनी विदेश से डॉक्टर, भारत में पास किया एफएमजीई एक्जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कस्वा बागरोद

परिवार के सपनों को साकार करने संकल्प लेकर वर्ष 2018 में ग्राम पंचायत कस्वा बागरोद की सरपंच प्रेमलता व्यास, महेश व्यास की भतीजी, पूर्व सरपंच राकेश व्यास कि बेटी सृष्टि व्यास एमबीबीएस की पढ़ाई करने रूस गई।



जहां उन्होंने कड़ी मेहनत घंटों पढ़ाई कर काबर्डिनो-बाल्केरियन स्टेट यूनिवर्सिटी से एमबीबीएस की डिग्री हासिल की। जिसके बाद भारत लौटी और घर से ही अपने एक्जाम की तैयारी करती रहीं। 26 जुलाई 2025 को एफएमजीई परीक्षा रायपुर में दी और 13 अगस्त को परीक्षा में पास होकर गांव एवं देश का नाम रोशन किया।

सृष्टि के पिता राकेश व्यास ने बताया की बिटिया के डॉक्टर बनने से पूरे परिवार में खुशी है। उसने सपने साकार किए हैं। उसकी इस सफलता के लिए में उन सभी लोगों का आभार व्यक्त करुगा जिन्होंने उस समय बेटी को विदेश भेजने में हमारी मदद की। परिणाम स्वरूप आज मध्यमवर्गीय परिवार की बेटी रूस से डॉक्टर बनकर लौटी और भारत में भी परीक्षा पास कर परिवार का नाम रोशन किया।

# कैंपियन स्कूल, सेंट जेवियर स्कूल भोपाल, डीपीएस कोलार और मैक्रो विजन बुरहानपुर सेमीफाइनल में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल द्वारा आयोजित सीबीएसई क्लस्टर 12 फुटबॉल प्रतियोगिता में सोमवार के दिन अंडर 19 आयु वर्ग से पहला मुकाबला आर्मी पब्लिक स्कूल ग्वालियर एवं कैंपियन स्कूल भौरी भोपाल के बीच खेला गया। जिसमें कैंपेन स्कूल में यह मुकाबला 2/0 से जीत लिया।

दिन का अगला मुकाबला दिल्ली पब्लिक स्कूल कोलार भोपाल एवं सेंट गब्रिल स्कूल जबलपुर के बीच खेला गया। जिसमें दोनों ही टीमों को बिना किसी गोल से संतोष करना पड़ा। इस प्रकार यह मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त हुआ। दिन का अगला मुकाबला मैक्रो विज़न अकादमी बुरहानपुर एवं दिल्ली पब्लिक स्कूल नीलबाद भोपाल के बीच खेला गया। जिसमें दोनों ही टीमों को बिना किसी गोल से संतोष करना पड़ा और यह मुकाबला भी ड्रॉ पर समाप्त हुआ। अगला मुकाबला सेंट जॉर्ज इंग्लिश स्कूल धार एवं मिट्ठी गोविंदराम स्कूल के बीच खेला गया। यह मुकाबला भी ड्रॉ पर समाप्त हुआ। अगला मुकाबला दीपक मेमोरियल स्कूल सागर एवं अल मेमोरियल स्कूल गुना के बीच खेला गया। जिसमें दीपक मेमोरियल स्कूल सागर में अल मेमोरियल स्कूल गुना को 4/0 से हराया।

# किराए के संबंध में आरटीओ ने बस संचालकों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

22 अगस्त से 2 सितम्बर तक जिला खेल परिसर स्टेडियम में अग्निवीर सेना भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जिले के विभिन्न विकसखंड तथा प्रदेश के विभिन्न 15 जिलों से प्रतिदिन लगभग 500 से 900 की संख्या में आवेदक भाग लेंगें। 20 अगस्त से आवेदक आना प्रारंभ होने की संभावना है।

जिले के विभिन्न विकसखंडों तथा प्रदेश के विभिन्न जिलों से ट्रेनों अथवा यात्री बसों के माध्यम से विदिशा शहर में आने वाले आवेदकों को रेलवे स्टेशन तथा बस स्टैंड से जिला खेल परिसर (स्टेडियम) तक आने-जाने अथवा शहर में अन्यंत्र आने-जाने शहर में चलने वाले ऑटो रिक्शा के लिए पूर्व से निर्धारित यात्री किराया सम्पूर्ण ऑटो रिक्शा हेतु प्रथम किलोमीटर 20 रुपए एवं उसके बाद प्रत्येक किलोमीटर के हिसाब से 15 रुपए प्रति किलोमीटर देय होगा। इसके अतिरिक्त जिले के विभिन्न विकसखंडों तथा प्रदेश के विभिन्न जिलों से यात्री बसों के माध्यम से विदिशा शहर में आने वाले आवेदकों को यात्री बस निर्धारित किराया रु. 1.25 प्रति किमी, न्यूनतम किराया 7 रुपए देय होगा।

आरटीओ गिरिजेश वर्मा ने बताया कि यात्रियों से अधिक यात्री किराया वसूल किए जाने की शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि ऑटो चालक निर्धारित राशि से अधिक राशि वसूलते हैं और यदि इस प्रकार की शिकायत आती है तो कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी ऑटो चालकों को तय किराया ही लेने के निर्देश दिए हैं।

## आदतन अपराधियों को किया जिला बदर

**सागर।** जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर संदीप जी आर ने आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने के मद्देनजर रखते हुए 4 आदतन अपराधियों को 3 से 4 माह के लिये जिला बदर करने का आदेश दिया है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है। कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर विभिन्न आपराधिक गतिविधियां में लिप्त परम सिंह पिता वलिराम लोधी उम्र 39 साल निवासी ग्राम गनियारी थाना बंडा जिला सागर को 3 माह, निखिल पिता मनोज बंसल उम्र 20 साल निवासी गयादीन वार्ड थाना मोती नगर जिला सागर को 4 माह, अंशुल उर्फ प्रांशु पिता वीरेंद्र गुप्ता उम्र 26 साल निवासी बताशा वाली गली रामपुरा वार्ड थाना कोतवाली सागर को 4 माह एवं अर्जुन पिता हरप्रसाद अहिरवार उम्र 23 साल निवासी वार्ड नंबर 5 रजाखेड़ी थाना मकरोनिया जिला सागर को 4 माह की अवधि के लिये सागर जिले व सीमावर्ती जिलों की राजस्व सीमाओं से निष्कासित करने का आदेश दिया है। उनके विरूद्ध न्यायालय में प्रकरण चल रहा है तो वह नियत पेशी पर न्यायालय में उपस्थित हो सकेंगे। परन्तु इसके पूर्व अनावेदकों को थाना प्रभारी को लिखित में सूचना देनी होगी तथा न्यायालय में पेशी होने के तुरंत पश्चात जिला दण्डाधिकारी के आदेश का पालन सुनिश्चित करना होगा।

## पेंशन योजनाओं में ई-केवायसी कराये जाने के निर्देश

**विदिशा।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग अंतर्गत संचालित समस्त पेंशन योजनाओं में विदिशा जिले के कुल लगभग 1,11,861 हितग्राहियों में से 3,323 हितग्राहियों का ई-केवायसी सत्यापन शेष है। इस संबंध में पूर्व में अभियान चलाकर ई-केवायसी कराए जाने के निर्देश दिए गए थे। शासन की योजनाओं का लाभ केवल पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने तथा अपात्र हितग्राहियों को हटाने के उद्देश्य से सभी हितग्राहियों का ई-केवायसी कराना अनिवार्य है। शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि शेष हितग्राहियों का ई-केवायसी 31 अगस्त 2025 तक अभियान चलाकर कराना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही सभी हितग्राहियों को सूचित किया जाता है कि यदि अगस्त माह तक ई-केवायसी नहीं कराया जाता है तो उनकी पेंशन होल्ड कर दी जाएगी। नियत अंतिम तिथि 31 अगस्त के बाद यदि पेंशन होल्ड किए गए किसी हितग्राही द्वारा पेंशन शुरू करने की मांग की जाती है, तो यह केवल ई-केवायसी के पश्चात ही संभव होगा।

# बिना पट्टे की जमीन पर बने पीएम आवास, 22 परिवारों ने मांगा पट्टा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

गंजबासौदा में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने मकानों में अधिकारियों की गंभीर लापरवाही सामने आई है।

योजना के तहत बने मकानों बिना पट्टे की जमीन पर बनाए गए हैं। कुछ मकान तो सरकारी जमीन पर बने हैं। ऐसे ही 22 परिवारों ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर आवासीय पट्टे की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना में मकान मिल गए। लेकिन जिस जमीन पर मकान बने हैं, वह उनके नाम नहीं है। जिले में कई जगह यह स्थिति है। पीएम आवास के मकान तो ग्रामीणों को मिल गए लेकिन उनका पट्टा ग्रामीणों को नहीं मिला। ऐसे में सवाल उठता है कि बिना जमीन का मालिकाना हक दिए या पट्टा मिले अधिकारियों ने कैसे पीएम आवास की राशि पास कर दी गई।

### पट्टे न मिलने से ग्रामीण परेशान

पट्टा नहीं होने से ग्रामीण असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्हें भू-माफिया और प्रशासनिक कार्रवाई का डर सता रहा है। सवाल यह उठ रहा है कि बिना पट्टे के इन लोगों को योजना का लाभ कैसे मिल गया। गरीबों को पट्टा देने के लिए शासन के क्या मापदंड हैं। नियमों की अनदेखी कर आवास की अनुमति किसने दी। ग्रामीण जिला प्रशासन से जल्द पट्टे जारी करने की मांग कर रहे हैं। मामले की जांच शुरू हो गई है। प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं

## 25 अगस्त को युवा संगम

**सागर।** युवाओं को रोजगार एंव स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा संयुक्त रूप से युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन 25 अगस्त को प्रातः 11 बजे सहोद्रा राय शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय परिसर सागर में किया जा रहा है।

# 45 मिनट तक हुई बारिश से लबालब हुईं सड़कें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

सोमवार शाम 5 बजे के करीब तेज बारिश हुई। लगभग 45 मिनट तक झमाझम बारिश से मौसम सुहाना हो गया और लोगों को उमस व गर्मी से राहत मिली।

पिछले पखवाड़े से केवल हल्की और मध्यम बारिश हो रही थी। तेज बारिश के बाद शहर के कई इलाकों में पानी भर गया। नालों और नालियों की सफाई न होने से सड़कें तालाब जैसी दिखने लगीं। कई जगहों पर एक फीट तक पानी जमा हो गया। कागदीपुरा, हॉस्पिटल रोड, बांसक्कुली, डंडापुरा, गल्ला मंडी गेट, लड्डा एजेंसी रोड और रामलीला रोड पर जलभराव हुआ। यहां कई घरों और दुकानों में पानी घुस गया। दर्जनों वाहनों के इंजन पानी में डूबने से खराब हो गए। लोगों का कहना है कि यह समस्या हर बरसात में होती है। समय पर नालियों की सफाई न करने से मामूली बारिश भी लोगों के लिए परेशानी का कारण बन जाती है।



- शहर में जगह जगह बन रही जलभराव की स्थिति।

## सेवादल परिवार ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की पुण्यतिथि पर किया स्मरण

**सागर।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष रहे नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जी की पुण्यतिथि पर शहर कांग्रेस सेवादल परिवार ने उन्हे विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे ने कहा उनका साहस, अटूट संकल्प और देशभक्ति का जज़्बा हमेशा हमारे लिए प्रेरणा का स्त्रोत रहेगा। 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आज़ादी दूँगा' उनका यह नारा आज भी हर भारतीय के दिल में स्वतंत्रता और समर्पण की लौ प्रज्वलित करता है। शहर सेवादल अध्यक्ष के साथ ओमप्रकाश पंडा, लल्ला यादव, अंकुर यादव, अरविंद राजपूत, परख शुक्ला, विक्की यादव, गोलू सेन अनु घोषी, लकी पंडा, राहुल ताम्रकार, संदेश सोनी, आकाश नामदेव, लखन पटेल, आकाश यादव आदि उपस्थित रहे।



पुराना ट्रेक्टर बेचना है
2024 MODEL
JOHN DEERE 5210 4WD
इच्छुक व्यक्ति निम्न पते पर संपर्क करें।
सुन्दरम फाइनेंस लिमिटेड
साँची रोड़, विदिशा
मो.: 9425600144

## खबर संक्षेप

### राज्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में आज रक्षाबंधन महोत्सव

**बरेली।** रक्षाबंधन का उपहार सरकार आई बहनों के द्वार



कार्यक्रम के अंतर्गत आज क्षेत्र के विधायक और राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल के मुख्य आतिथ्य में नाहर कालौनी स्थित नपं. के सामुदायिक भवन में रक्षाबंधन महोत्सव का आयोजन हो रहा है। लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत जिस प्रकार रक्षाबंधन के पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा 1250 रू. की मासिक राशि के साथ 250 रू. की राशि शगुन उपहार में दी, उससे बहनों में रक्षाबंधन का त्योहार मनाने भारी उत्साह उमंग का माहौल बना रहा। शिवाजी फाउंडेशन द्वारा बहनों के लिए रक्षाबंधन महोत्सव पर उपहार वितरण किया जाएगा। नपं. भी रक्षाबंधन महोत्सव कार्यक्रम के लिए सक्रिय बनी हुई है। कार्यक्रम में आज नाहर कालौनी स्थित सामुदायिक भवन में दोपहर 12 बजे भारी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रहने की संभावना है। भाजपा, शिवाजी फाउंडेशन एवं नपं. की सक्रियत बनी हुई है।

### जिले की जनता के समर्थन से मैं अभीभूत हूं: दुर्रानी

**बाड़ी।** रायसेन जिले की जनता ने जो मुझे प्यार और स्नेह दिया है,



उससे में मैं अभीभूत हूँ। मैं जिले की जनता का हमेशा ऋणी रहूँगा। यह बात नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष इरफान दुर्रानी ने कही। उन्होंने आगे बताया कि कांग्रेस संगठन सृजन अभियान से मुझे नई ऊर्जा मिली थी, जिसकी मैंने कभी कल्पना भी नहीं की थी। इसी उद्देश्य से मैंने संगठन की मजबूती के लिए कार्य किया, जो उसने भी नई ताकत देकर पहचान दी।

### 3 दिन से युवक लापता तलाश में जुटी पुलिस

**सलामतपुर।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खेरुआ टोला निवासी 33



वर्षीय पहलवान आदिवासी बीते 3 दिनों से लापता है। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिलने पर थाने में गुमशुदा की रिपोर्ट दर्ज कराई। युवकी की पत्नी जानकी बाई ने बताया कि उसके पति पहलवान आदिवासी 15 अगस्त की देर रात करीब 3 बजे घर से बिना बताए कहीं चले गए हैं। पुलिस द्वारा गुम इंसान का मामला कायम कर युवक की तलाश की जा रही है। पहलवान आदिवासी खेरुआटोला गांव में रहकर मेहनत मजदूरी का काम करता है। और उसके परिवार में पत्नी और तीन बच्चे हैं। बताया जा रहा है कि पहलवान सिंह पिछले साल भी घर से बिना बताए लापता हो गया था। और बाद में खुद ही वापस घर आ गया था।

---

### प्राइमरी-मिडिल स्कूलों में 1660 तथा आंगनबाड़ियों में 580 लगाए गए थे वॉश वेशिंग

# जिले के स्कूलों-आंगनबाड़ियों में करोड़ों की लागत से बनाए गए वॉश वेशिंग यूनिट्स पड़े बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

पीएचई विभाग द्वारा केंद्र सरकार की जल जीवन मिशन योजना के तहत करोड़ों की लागत से स्कूलों में लगाए गए वॉटर प्यूरीफायर सिस्टम अब कई जगह पर बंद पड़े हुए हैं। जिससे यह योजना बच्चों के लिए नाकाम साबित हो रही है ।पीने के पानी के लिए सरकारी प्राइमरी मिडिल स्कूलों सहित आंगनबाड़ियों में कोई प्रबंध नहीं है ।इसीलिए बच्चे या तो घर से वाटल लेकर आ रहे हैं या फिर दूसरों के घर जाकर पानी मांग कर अपने सूखे कंठों की प्यास बुझाने के लिए मजबूर है।

जंग लगे चार साल पहले पीएचई विभाग रायसेन ने जिले के सैकड़ों प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों के अलावा आंगनबाड़ियों और पंचायत भवनों में इन वाटर प्यूरीफायर वॉश यूनिट्स का निर्माण कराया था। प्रति यूनिट करीब 80 हजार से लेकर 1 लाख 20 हजार रुपए तक की लागत आई। करोड़ो रुपए खर्च करने के बाद भी इन यूनिट्स को बनाते समय पानी की सप्लाई की कोई पुख्ता व्यवस्था ही नहीं की गई।

गृहणी रेणुका सोनवानी, छात्रा जयंत परते, शिवानी बघेल, रक्षा कुशवाह, रेखा देवी, रंजीत लोधी ने बताया कि ग्राम कटारिया, आमा, गिरवर, परवरिया ये सिर्फ इन गांव की कहानी नहीं है। इनके जैसे दर्जनों गांवों में भी हालात कुछ ऐसे ही हैं। ठेकेदारों ने काम पूरा दिखाया, बिल पास हुए, पैसे भी चले गए, लेकिन बच्चों तक साफ पानी नहीं पहुंचा। ग्रामीण भी इस मामले में भ्रष्टाचार के आरोप लगाते दिख रहे हैं। जब हमने इस मामले में विभाग के कार्यपालन यंत्री से बात की, तो उन्होंने अपनी ज़िम्मेदारी संस्था प्रमुखों पर डाल दी।


कई स्कूलों में हैंडवॉश यूनिट अधूरी छोड़ दी तो कहीं मोटर नहीं डाली गई। कमोवेश यही हालत आंगनबाड़ी केंद्रों के हैं, कुछ यूनिट निर्माण के बाद से ही बंद पड़े है। कई स्कूलों में बच्चें हैंडपंप और अन्य जल स्त्रोतों से प्यास बुझा रहे हैं।

हैंडवॉश यूनिट मामले में विभाग ने 6 ठेकेदारों को ब्लैक लिस्टेड भी किया है। इधर संबंधित विभाग के अधिकारी हैंडवॉश यूनिट का 80 फ़ीसदी काम पूरा होने का दावा कर रहे हैं। द्वारा बच्चों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने और स्वच्छ पेयजल व्यवस्था व्यवस्थित करने के लिए शासकीय प्राथमिक मिडिल स्कूलों और आंगनबाड़ी केदो में हैंड वॉश यूनिट बनवाए गए हैं। इनमें हैंड वॉश यूनिट बनाई जाकर टँकी की छत पर स्थापित की जानी है। इसके लिए हैंड वॉश यूनिट का टेंडर प्रक्रिया भी की गई थी और पेटी ठेकेदार भी काम करते रहे। अब कुछ स्कूलों में हैंड वॉश यूनिट का मात्र ढांचा खड़ा कर दिया गया है तो कहीं निर्माण अधूरा पड़ा हुआ है।

पीएचई के एसडीओ नलिन सिरोही ने बताया कि जो काम अधूरा है, उसे पूर्ण करवा लिया जाएगा। इस मामले में ठेकेदारों के लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### वॉश वेशिंग खुद सिस्टम की नाकामी की कहानी कर रहे हैं बयां





### स्कूल में अधूरे खड़े ढांचे दुर्दशा की कहानी कर रहे बयां

सवाल ये उठ रहा है कि जब करोड़ों की लागत से बनाए वाटर प्यूरीफायर यूनिट्स बच्चों की ज़रूरत ही पूरी नहीं कर पा रहे, तो फिर ये ढांचे किस काम के ? अब देखना ये होगा कि विभाग कब जागता है और कब इन वॉश यूनिट्स में वास्तव में पानी पहुंचता है। पीएचई के जिम्मेदारी अधिकारी यूनिट बंद है तो संस्था प्रमुखों को सुधार करवाना चाहिए। क्योंकि योजना के मुताबिक 15 दिन का समय रखरखाव और संधारण का विभाग का था, जिसमें टोंटियों को बदलने और खराबी आने पर उनकी मरम्मत करना। जब ठेकेदारों का काम चल रहा था तो 5 से 6 महीने तक यह काम हमने निरंतर किया। अब हमारी जवाबदारी खत्म हो जाती है बाकी जिम्मेदारी अब ठेकेदार और संस्था प्रमुख की होगी।

**इनका कहना है**

जिले में करीब प्राइमरी मिडिल स्कूलों में 1660 यूनिट बनाए गए, जिन्हें स्कूलों को हैंडओवर कर दिया गया था। आंगनबाड़ियों में 580 सिस्टम लगाए गए थे। इसके बाद उनकी मेंटेनेंस की जिम्मेदारी अब संस्थाओं की है।

- **गिरीश कामले,** मुख्य कार्यपालन यंत्री पीएचई

---

# भारी गर्मी-उमस से अस्पताल में बढ़ी बीमारों की भीड़

◆ डॉक्टरों की कमी से जूझ रहा नगर के सिविल अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

पिछले अनेक दिनों से बारिश नहीं हुई, इसी के साथ भारी गर्मी, उमस का बेहाल कर देने वाला माहौल नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में लोगो के बीमार होने का कारण बन रहा है। कभी-कभार आसमान में बादल जाते है, परंतु बारिश न होने से दिन और रात का तापमान भी बढ़ रहा है।

कहने को तो बरेली में दो सरकारी अस्पताल है। इसी के साथ ग्रामीण क्षेत्र में लगभग आधा दर्जन प्राथमिक स्वा. केन्द्र और दर्जनों उप स्वा. केन्द्रों का स्वा. विभाग द्वारा वर्षो से संचालन किया जा रहा है।




बिना डॉक्टरों के चल रहे ग्रामीण क्षेत्र के प्राथमिक स्वा. केन्द्रों में उपचार की समुचित सेवाए न मिलने से प्रतिदिन ग्रामीण क्षेत्र के सेकडो महिला पुरूष, गर्भवती महिलाए, बच्चें उपचार के लिए सिविल अस्पताल ही आते है। इसके अलावा बडा बाजार में दशको पुराना आयुर्वेदिक अस्पताल है, जो अब वीरान सा बना रहता है।

नगर हो या ग्रामीण क्षेत्र के बीमार सबसे अधिक संख्या में सिविल अस्पताल में उपचार हेतु पहुंचते है। सोमवार को तीन दिनों के लम्बे अवकाश के बाद खुले सिविल अस्पताल में सुबह से ही मरीजों की उपचार कराने इतनी अधिक भीड़ और लम्बी लम्बी लाइनें लगी रही।

### डॉक्टरों की कमी

*पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान की घोषणा के अनुसार तीन मंजिला सर्व सुविधायुक्त सिविल अस्पताल भवन तो बन गया परंतु वर्षो से रोग विशेषज्ञ एवं डॉक्टर स्वा. स्टाफ की भारी कमी बनी हुई है। रोगो के विशेषज्ञ डॉक्टर न होने से गंभीर बीमारियोंसे ग्रसित मरीजों को उपचार कराने भोपाल, नागपुर, पिपरिया, इंदौर जाना पडता है। सिविल अस्पताल से भी गंभीर मरीजों को रायसेन, भोपाल रेफर कर दिया जाता है। सिविल अस्पताल में सामान्य बीमारियों के उपचार के लिए भी घंटो लाइनों में लग कर महिलाओं, पुरूषों, बच्चों, बुजूर्गो को इलाज करवाना मजबूरी बन रहा है।*

---

# मेढ़की के पास सड़क किनारे फंसा सीमेंट का कंटेनर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

सांची रोड स्थित ग्राम मेंढकी के पास सोमवार शाम करीब 6 बजे एक सीमेंट का कंटेनर फंस गया। कंटेनर गांव से वापस लौट रहा था। विदिशा की तरफ मुड़ते समय कच्ची मिट्टी में इसके पहिए धंस गए।

कंटेनर के रोड के बीचोंबीच फंसने से विदिशा और रायसेन मार्ग पर यातायात बाधित हो गया। दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। कुछ दोपहिया वाहन चालकों ने साइड से निकलने का प्रयास किया। हालांकि, बारिश के कारण कीचड़ में उनकी बाइक भी फिसल गईं।



ड्राइवर ने कंटेनर को निकालने के कई प्रयास किए, लेकिन सफल नहीं हो सका। इस घटना से आवागमन काफी समय तक प्रभावित रहा। स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

---

### टीएल बैठक का किया आयोजन

# कलेक्टर ने की सीएम हेल्पलाइन योजनाओं की प्रगति की समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा द्वारा सीएम हेल्पलाईन, विभागीय गतिविधियों और योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने विभागवार सीएम हेल्पलाईन शिकायतों और उनके निराकरण की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश देते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाईन आमजन की समस्याओं, शिकायतों का महत्वपूर्ण माध्यम हैं।

कलेक्टर ने कहा अधिकारी शिकायत प्राप्त होते ही नियमानुसार निराकरण की कार्यवाही करें। शिकायतकर्ता से चर्चा कर उन्हें भी निराकरण की प्रगति से अवगत कराएं।

---

# पूर्व विधायक राजपूत ने टीम पहल को गौ-सेवा के लिए दिए 51 हजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

क्षेत्र के पूर्व विधायक भगवान सिंह राजपूत ने टीम पहल के सेवा कार्यो एवं निरंतर की जा रही गौ सेवा के कार्यो से प्रभावित होकर 51 हजार रू. की राशि प्रदान की। ब्रम्हलीन ग्रहस्थ संत पू.समनापुर वाले गुरूजी की पुण्यतिथि पर 51 हजार रू. की राशि गौ सेवा के लिए प्रदान किए जाने से टीम पहल के सदस्यों में हर्ष बना हुआ है।

टीम पहल के द्वारा वृद्धों, निराश्रितों के लिए वृद्धाश्रम के साथ निःशुल्क भोजन की व्यवस्था की जा रही है। नगर एवं क्षेत्र में हजारो पशु गौवंश सडक़ो बाजारों में मारा-मारा घूम रहा है। उनके बीमार घायल होने पर टीम पहल द्वारा उपचार की व्यवस्था की जाती है। नगर में पशु चिकित्सालय है,परंतु दशको पुराने पशु चिकित्सालय भवन की स्थिति अत्याधिक जर्जर बनी हुई है। पशुओं की चिकित्सा कराना कठिन बना हुआ है। ऐसे में टीम पहल की पशु चिकित्सा के लिए चौबीसों घंटो सक्रिय बना रहना वरदान बन रहा है। टीम पहल को गौ सेवा के लिए पूर्व विधायक राजपूत द्वारा 51 हजार की राशि दिए जाने पर उनके पुत्र शैलेन्द्र राजपूत, ज्ञानेन्द्र राजपूत का आर्थिक सहयोग के लिए धन्यवाद व्यक्त किया।



---

# अड्डा फैक्ट्री की बदबू से आस-पास गांव के किसान और ग्रामीण हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

हाईवे 18 स्थित ग्राम कुल्हाड़िया के पास कई वर्षों से जीपार्ट अड्डा फैक्ट्री का संचालन चल रहा है। जिसकी बदबू के कारण छोला, नरखेड़ा, कुल्हाड़िया, अंबाड़ी, सेमरा, छोला आदि गांव के ग्रामीण कई वर्षों से बदबू के कारण परेशान हो रहे हैं।

अड्डा पिसाई फैक्ट्री के आसपास ही कई किसानों की जमीन लगी हुई है, जहां पर पूरे साल खेती किसानी का कार्य चलता रहता है। जिससे कई किसान बदबू के कारण बीमार भी हो चुके हैं। आसपास गांव में रहने वाले कई व्यक्तियों ने बताया है कि हम लोग बदबू के कारण खाना भी नहीं खा पा रहे हैं। प्रतिदिन भोपाल से एक ऑटो मृत जानवरों की हड्डियां भरकर इस फैक्ट्री में आता है, जिससे पूरे रास्ते बदबू फैलती है। कुछ दिन पहले




ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत सेमरा में जी पार्ट हड्डा फैक्ट्री का शिकायती आवेदन दिया है। जिस पर पंचायत द्वारा जीपार्ट फैक्ट्री को तीन दिन में जवाब देने को कहा था। क

अड्डा फैक्ट्री की बदबू सेमरा हाई स्कूल तक पहुंच रही है वहां पर पढ़ने वाले बच्चे और शिक्षक भी बदबू से परेशान हो रहे हैं। कुछ लोगों का कहना है की फैक्ट्री में गाय व भैंस तथा कई प्रकार के जानवरों की हड्डियां की पिसाई होती है। कुछ हड्डियों को फैक्ट्री के बाहर फेक दी जाती हैं। जिसके कारण हम ग्रामीणों को काफी बदबू आती है जिसके कारण रहना भी दुश्वार हो रहा हैं।

इसी फैक्ट्री के पास से कई बच्चे रोज हाई सेकेंडरी स्कूल दीवानगंज पढ़ने के लिए निकलते है उन्हें भी काफी बदबू आती है और बस्ती में रहने वाले लोगों को बहुत ज्यादा परेशानी आ रही है।

---

# तारण तरण जैन चैत्यालय में पर्यूषण पर्व की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

### एक जाजम पर बैठकर बनाई 10 दिनी कार्यक्रम की रूपरेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

अगस्त के अंतिम सप्ताह में प्रारंभ होने वाले जैन समाज के 10 दिनी पर्यूषण कार्यक्रम पर चर्चा कर अंतिम रूप देने नगर के तारण तरण जैन चैत्यालय में रविवार रात्रि को बैठक आयोजित हुई। बैठक में बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहें।

बैठक की अध्यक्षता जैन समाज के अध्यक्ष सवाई सेठ संजय समैया द्वारा की गई, जिसमें चर्चा उपरांत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को अंतिम रूप दिया। बैठक की जानकारी देते हुए समाज के महामंत्री पटेल राजीव समैया ने बताया कि 27 अगस्त से दस दिनी पर्यूषण पर्व प्रारंभ होंगे। इस दिन अस्ताप का कार्यक्रम संपन्न होगा, इसके अतिरिक्त पर्व के दौरान सुबह



7 बजे से देर रात तक विभिन्न कार्यक्रम भी संपन्न किए जाएंगे।

उन्होने बताया कि इस दौरान जयपुर से युवा शास्त्री संयम जैन तथा शास्वत जैन का सानिध्य समाजजनो को प्राप्त होगा। जिनके सुबह व रात्रि के समय प्रवचनों का लाभ समाजजनों को प्राप्त होगा तथा दोपहर में क्लास संचालित की जाएगी। तारण तरण जैन समाज के संरक्षक मंडल ने समाजजनों से पर्व के दौरान समय पर सभी कार्यक्रमों में सहभागिता करने का आग्रह किया है।

बैठक में यह निर्णय भी लिया गया कि आरती व प्रसाद वितरण के बाद ही दोपहर के समय समाज बंधु अपने प्रतिष्ठान खोल सकेगें।

---

### भारी बारिश बर्बाद हुई फसलों के सर्वे व मुआवजे की मांग को लेकर...

# किसानों के साथ सड़कों पर उतरी कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

डेढ़ माह पूर्व हुई अतिवृष्टि के कारण जिले के कई क्षेत्रों में किसानों की फसलें बर्बाद हो गई थी। किसान संगठनों द्वारा कई बार शासन प्रशासन ने मुआवजे की मांग को लेकर ज्ञापन दिए गए, परन्तु अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। इसी बात को लेकर किसानों के साथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष देवेंद्र पटेल ने सोमवार को एसडीएम कार्यालय का घेराव कर जंगी प्रदर्शन किया और किसानों को हुए अतिवृष्टि में हुए नुकसान का सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की।

इससे पूर्व किसान एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला अध्यक्ष श्री पटेल के नेतृत्व में सरकार के खिलाफ नारेबाजी के साथ लोहा मिल त्रिराहे से वाहन रैली प्रारंभ की जा कि एसडीएम कार्यालय पहुंची और धरना-प्रदर्शन कर महामहिम राज्यपाल के नाम एसडीएम सौरभ मिश्रा को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया कि डेढ़ माह व्यतीत



हो गया, लेकिन अतिवृष्टि से बर्बाद हुई सोयाबीन, मूंग की फसलों से आर्थिक तंगी से जूझ रहे किसानों के लिए सरकार ने अब तक कोई मुआवजा नहीं दिया और ना ही उनके कृषि ऋण सहित अन्य देनदारियों को स्थगित किया। इससे किसानों में आक्रोश है। बेगमगंज एवं सिलवानी तहसील के किसानों द्वारा मंहगा बीज, खाद एवं कीटनाशक लेकर सोयाबीन 15 हजार हैक्टेयर, मूंग की फसल की एक हजार हैक्टर एवं उडद की 940 हैक्टेयर में बुआई की थी। फसल की बुआई के बाद से लगातार एक माह तक तेज बारिश होने से बोई गई तीनों फसलों को ग्रोथ करने का मौसम नहीं मिला और अतिवृष्टि से उनकी जड़े, तना सहित सड़-गलकर नष्ट हो गई।

सूत्रों के अनुसार बेगमगंज तहसील में किसानों द्वारा तीनों प्रकार की खरीफ फसलें 16940 हैक्टर में बोई गई थी। जिसमें से सोयाबीन की 3 हजार हैक्टर, मूंग की दो सौ.हैक्टर एवं उड़द की 188 हैक्टर। इस प्रकार कुल 33188 हैक्टर की फसल पूरी तरह से सड़-गलकर बर्बाद हो गई है। डेढ़ माह होने के बाद भी बर्बाद किसानों द्वारा बार-बार शासन - प्रशासन से फसलों में हुए नुकसान के सर्वे कराए जाने की गुहार लगाने के बाद भी किसी प्रकार की राहत राशि नहीं दी गई। और ना ही उनका फसल ऋण एवं बिजली के बिल स्थगित किए गए। जिसके कारण किसानों ने कांग्रेसियों के साथ विरोध प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन में कांग्रेस महामंत्री राजेन्द्र सिंह तोमर, मनोज अग्रवाल, अख्तर लाला, राजा धर्मवीर सिंह, संदीप विश्वकर्मा, जाहर सिंह लोधी, नत्थूसिंह ठाकुर, हसीब हिंदुस्तानी, प्रभात चावला सहित सैकड़ों किसानों व कार्यकर्ता मौजूद रहे।